तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 27 अगस्त 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 आज से सजेगा गजानन का दरबार जगह जगह स्थापित होंगी प्रतिमाएं



## खबर संक्षेप

### बुंदेली में श्याम अखाड़ा महोत्सव 30 से

**कोरबा।** ग्राम बुंदेली स्थित श्री श्याम अखाड़ा परिसर में इस वर्ष का 11वां श्री श्याम अखाड़ा महोत्सव 30 अगस्त को भव्य रूप से मनाया जाएगा। श्रद्धा और उल्लास से परिपूर्ण यह आयोजन न केवल भक्ति रस में डुबोएगा बल्कि मानव सेवा का भी अद्भुत संदेश देगा। इस संबंध में आयोजक समिति ने जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रमों की शुरुआत अखण्ड ज्योत प्रज्वलन से होगी। इसके बाद चुनरी उत्सव, इत्र वर्षा, छप्पन भोग और दरबार सेवा जैसे धार्मिक अनुष्ठान होंगे। श्रद्धालुओं के लिए श्री श्याम रसोई की विशेष व्यवस्था रहेगी, जिससे हर आगंतुक को बाबा का प्रसाद उपलब्ध हो सके। समिति का कहना है कि मानव सेवा ही माधव सेवा है, यही हमारे आयोजन की मूल भावना है। महोत्सव का मुख्य आकर्षण भजन संध्या होगी, जिसमें देशभर से नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से भक्तिरस की गंगा बहाएंगे। देर रात तक श्याम दरबार भक्ति गीतों की गूंज से सराबोर रहेगा।

### रामकथा महोत्सव का आयोजन 22 सितंबर से


**कोरबा।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां भवानी मंदिर परिसर में 22 सितंबर से 30 सितंबर तक श्री राम कथा महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। साथ ही मानस मंदिर का भव्य लोकार्पण पद्म विभूषण तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य पूज्य रामभद्राचार्य महाराज के करकमलों से होगा। मानस मंदिर का निर्माण पूज्य माताजी ज्योति पांडे, चंद्रकिशोर पांडेय, पुत्र मोहन के संकल्प से पूरा हो पाया है। यह मंदिर माता कौशल्या के गोद में बैठे प्रभु श्री राम की अद्भुत छवि है। इस मंदिर के दीवारों में रामचरित मानस के श्लोक और चौपाइयां उकेरी गई है, जो गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित है और यह मंदिर भारत का पहला मंदिर होगा। यह मंदिर आध्यात्मिक शांति और भक्ति के लिए महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल होगा, जो आगंतुकों को रामायण की आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ेगा यह एक आस्था का केंद्र होगा।

### तुमान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** विद्या भारती के तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिर के संकुल स्तरीय एवं सांस्कृतिक महोत्सव ग्राम तुमान में संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहिन सम्मिलित हुए। जिसमें अधिकांश खेलकूद में सरस्वती शिशु मंदिर तिलकेजा के प्रतिभागी बहिन प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया उनमें गिल्ली डंडा ईशांत साहू प्रथम, आदित्य लंबी कूद प्रथम, कुमारी शगुन चौहान 400 मी लंबी दौड़ प्रथम, समीर बंजारे 400 मीटर लंबी कूद प्रथम, गोला फेंक में समीर बंजारे प्रथम, किशन साहू रिले रेस में प्रथम, अरुण बोरा दौड़ में प्रथम, अमन कुर्सी दौड़ में तृतीय, भूमि शास्त्री नृत्य में प्रथम, यमुना कथा कथन में प्रथम, बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में खेल प्रभारी श्रीमती सुनीता चंद्रा एवं श्रीमती रमा कौशिक के कुशल मार्गदर्शन रहा।

### सैफ का मेडिकल कॉलेज कांकेर में चयन

**गेवरा दीपका।** डीएवी स्कूल के छात्र मोहम्मद सैफ अहमद ने नीट-यूजी 2025 में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



सैफ को परीक्षा में 477 अंक प्राप्त हुए, जिसके आधार पर उनका चयन शासकीय मेडिकल कॉलेज कांकेर में हुआ है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनरल कैटेगरी में 222वीं रैंक हासिल की है। सैफ स्व. शेख नईम अहमद व रुबीना सिद्दीकी के पुत्र हैं। उनकी माता एसईसीएल दीपका प्रोजेक्ट में जनरल असिस्टेंट पद पर कार्यरत हैं। सैफ ने डी.ए.वी. से स्कूली शिक्षा प्राप्त की और नीट की तैयारी एलेन इंस्टीट्यूट बिलासपुर से की।

## एक सप्ताह के भीतर कार्यपालन निदेशक को सौंपेंगे रिपोर्ट

# केबल घोटाले की गुणवत्ता और मात्रा को जांचने के लिए 5 टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आरडीएसएस योजना के तहत जिले में लगभग 110 करोड़ की लागत से विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त किया जाना था, जिसमें एबी केबल आपूर्ति की जानी थी। जिसमें ठेकेदार द्वारा घटिया क्वालिटी की एबी केबल आपूर्ति किए जाने का मामला सामने आया था। जांच में खुलासा होने के बाद अब कार्यपालन निदेशक बिलासपुर ने गुणवत्ता व मात्रा के लिए 5 टीम बनाई गई है। उक्त टीम एक हफ्ते के भीतर जांच कर रिपोर्ट को कार्यपालन निदेशक को सौंपेंगे।

उल्लेखनीय है कि आरडीएसएस योजना के तहत संभाग के विभिन्न जिलों में करोड़ों की लागत से कार्य किया जा रहा था। जिले में भी लगभग 110 करोड़ के तहत कार्य किया जा रहा था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा बिजली चोरी रोकने और ट्रांसमिशन लॉस कम करने के उद्देश्य से एरियल बंच केबल (एबी केबल) योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पुरानी खुली लाइनें हटाकर इंसुलेटेड और सुरक्षित एबी केबल लगाने का काम ठेके के माध्यम से किया गया। यह काम ठेका एजेंसी के माध्यम से विद्युत वितरण कंपनी के प्रोजेक्ट विंग द्वारा कराया गया। इस कार्य में बिजली अधिकारी और ठेकेदारों ने मिलीभगत कर निम्न स्तर के एबी केबल लगाए। उनके द्वारा लगाए गए केबल ठेका ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- आरडीएसएस योजना के तहत जिले में 110 करोड़ की लागत से हुआ है काम




**इन अधिकारियों को सौंपी गई है जांच की जिम्मेदारी**

आरडीएसएस योजना के तहत जिले में भी 110 करोड़ रुपए का काम किया गया है। घोटाला का मामला उजागर होने के बाद चीफ इंजीनियर ने 5 जांच टीम गठित की गई है जिसमें कुल 20 सदस्यों को शामिल किया गया है। जांच टीम में डीई कटघोरा अंशु वारसने, एस के जायसवाल, विजलेंस बिलासपुर एस के खाखा, डीई कोरबा ग्रामीण एस के सोनी, डीई कटघोरा शेखर सोनी को जांच की कमान सौंपी गई है। जांच के बाद यह तय होगा कि इसमें किन किन लोगों की मिलीभगत थी जिसके बाद उन अधिकारी, कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्यवाही की गाज गिरेगी।

**जांच के बाद गिरेगी और अधिकारियों पर गाज**

आरडीएसएस योजना के तहत संभाग के विभिन्न जिलों में करोड़ो की लागत से काम किया गया है। जांच में घोटाला की शिकायत मिलने पर मुख्यालय से अफसरों की टीम आयी थी और जांच टीम ने रिपोर्ट रायपुर के वरिष्ठ अफसरों को सौंप दिया गया था, जिसके बाद महकमे में पदस्थ अधिकारियों पर गाज गिरने का सिलसिला शुरू हो गया है। बताया जाता है जिले में प्रोजेक्ट के ईई अभिमन्यु कश्यप पर निलंबन की गाज गिर चुकी है। अब मामले की फिर से बारीकी से जांच हो रही है। जांच में यह होगा कि इस पूरे मामले में कौन कौन शामिल हैं और क्या क्या सामान गुणवत्ताविहीन लगाई है जिसके बाद अन्य अधिकारियों पर भी निलंबन की गाज गिर सकती है।

**पांच टीम करेगी जांच**

आरडीएसएस योजना के तहत किए गए काम की जांच के लिए कार्यपालन निदेशक के निर्देश पर 5 अलग अलग टीम गठित की गई है। जिनके द्वारा आरडीएसएस के तहत किए गए काम की गुणवत्ता और मात्रा की जांच की जाएगी और रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत की जाएगी।

**-पी एल सिदार**, अधीक्षण यंत्री, विद्युत वितरण विभाग कोरबा

# एसईसीएल के 9 विभागीय अस्पताल अब राज्य सरकार के अधीन



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के 9 विभागीय अस्पताल अब राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण (एसएचए) के अधीन हो गए हैं। इनमें जिले के कोरबा, गेवरा व बांकीमोंगरा अस्पताल को भी एसएचए के अधीन किया गया है। इन अस्पतालों को पब्लिक-जीओआई हॉस्पिटल की नई श्रेणी में रखा जाएगा। राज्य के हेल्थ बेनिफिट पैकेज और नियमों के अनुसार प्रोत्साहन ⏭ शेष पेज 3 पर


**खास बातें**

- अस्पतालों को पब्लिक जीओआई की श्रेणी में किया गया शामिल
- अस्पतालों में अब मरीजों को मिलेगी कैशलेस सुविधा

**इन 9 अस्पतालों को किया गया शामिल**

एसईसीएल के जिन 9 विभागीय अस्पतालों को राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण (एसएचए) में शामिल किया गया है उनमें एसईसीएल मेन हॉस्पिटल कोरबा, बांकीमोंगरा हॉस्पिटल, नेहरू शताब्दी हॉस्पिटल गेवरा शामिल है। इसके अलावा कोरिया के रिजनल हॉस्पिटल चरचा, रिजनल हॉस्पिटल कुरासिया कोरिया, सेंट्रल हॉस्पिटल मनेन्द्रगढ़, सेंट्रल हॉस्पिटल बिलासपुर, सेंट्रल हॉस्पिटल बिश्रामपुर, रिजनल हॉस्पिटल कोतमा कॉलरी अनूपपुर शामिल हैं।

# ओवरस्पीड वाहन दौड़ाने वाले 2291 चालकों पर गिरी गाज


स्पीडोमीटर से वाहन की गति चेक करते यातायात पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला पुलिस लगातार ओवरस्पीड वाहनों के खिलाफ अभियान चला रही है ताकि हादसों पर विराम लगाया जा सके।

इस कड़ी में यातायात पुलिस ने अब तक ओवरस्पीड के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 2291 प्रकरण दर्ज कर 22 लाख 91 हजार रुपए शमन शुल्क वसूल कर चुकी है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितीश सिंह ठाकुर यातायात उप पुलिस अधीक्षक डी. के. सिंह थाना यातायात द्वारा ताबड़तोड़ कार्यवाही ओवरस्पीड की कार्यवाही 2291 प्रकरण शमन शुल्क 22 लाख 91 हजार रुपए 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 1330 प्रकरण बनाकर न्यायालय पेश किया गया जिसमें न्यायालय के द्वारा समन शुल्क 1 करोड़ 33 लाख रुपए जमा कराया गया एवं स्कूल, कॉलेज में जाकर मुख्य रूप से स्कूली बच्चों को बिना लायसेंस वाहन न चलाने, यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट सीट बेल्ट के उपयोग, ओव्हरटेक करने के नियम, लोगों को शराब सेवन कर वाहन चलाने देने, तेजगति से वाहन न चलाने नियंत्रित गति से वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग नहीं करने, यातायात संकेत एवं रोड किनारे लगे संकेतिक बोर्ड आदि के संबंध में जानकारी दिया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिससे वर्ष 2025 में मृत्यु दर 6.04 प्रतिशत की कमी आयी है।

### नशा मुक्ति व साइबर अपराध पर किया गया जागरूक

**कटघोरा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर तथा कटघोरा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर और एसडीओपी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कटघोरा धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व में मंगलवार को कटघोरा थाना क्षेत्र के बड़े बांका गांव में सजग कोरबा अभियान के तहत चलित थाना लगाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को नशा मुक्ति, साइबर अपराध से बचाव और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि नशा व्यक्ति और समाज दोनों के लिए हानिकारक है, इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाना चाहिए। साथ ही लगातार बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए गए। पुलिस ने समझाया कि अज्ञात कॉल या लिंक पर विश्वास न करें, बैंक से संबंधित किसी भी जानकारी को साझा न करें और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना पुलिस को दें। यातायात सुरक्षा पर भी विशेष जोर दिया गया। लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, मोबाइल फोन का वाहन चलाते समय उपयोग न करने और सड़क पर सावधानी बरतने की सलाह दी गई।

# टिकट बुकिंग काउंटर के समीप चलेगा आरक्षण टिकट काउंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन कोरबा में स्थित आरक्षण कार्यालय को अब स्थायी रूप से स्टेशन के मुख्य द्वार पर स्थित बुकिंग कार्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया है। अब तक आरक्षण कार्यालय का एक काउंटर स्टेशन से दूर स्थित एक अलग भवन में संचालित हो रहा था, जो मुख्य स्टेशन परिसर से दूर एवं सुरक्षा की दृष्टि से भी उपयुक्त नहीं था। यात्रियों की असुविधा एवं कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया। मुख्य बुकिंग कार्यालय में नई व्यवस्था की गई है जिसमें स्टेशन के मुख्य बुकिंग कार्यालय में अब एक अलग काउंटर केवल आरक्षित टिकट जारी करने के लिए उपलब्ध रहेगा। एक अन्य काउंटर से आरक्षित एवं अनारक्षित दोनों प्रकार के टिकट जारी किए जाएंगे। यात्री अब दो काउंटरों से आरक्षित टिकट प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा एक अन्य काउंटर केवल अनारक्षित टिकटों के लिए निर्धारित रहेगा।



इस व्यवस्था से यात्री अब और अधिक आसानी एवं तेज गति से टिकट प्राप्त कर सकेंगे। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, सेकंड एंट्री के बुकिंग कार्यालय को पोर्टर केबिन से हटाकर पुराने भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे वहां का परिसर अधिक सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित हो गया है। स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के लिए मुख्य द्वार पर दो स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनें लगाई गई है, जबकि सेकंड एंट्री पर एक स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन भी स्थापित की गई है, जिससे यात्री बिना कतार में लगे तेजी से टिकट प्राप्त कर सकेंगे।

# डाला की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी निवासी अजय कुमार अग्रवाल उम्र 49 वर्ष पिता बसंत लाल अग्रवाल ने 28 जुलाई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 04 पीई 3294 को चालक केसर अंसारी विगत 2 वर्षों से चला रहा है। केसर अंसारी ने दोपहर लगभग 4 बजे फोनकर बताया कि 27 जुलाई को ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 04 पीई 3294 के डाला को टीपी नगर गुरुद्वारा के पास से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। जिस पर वाहन मालिक अजय कुमार के द्वारा थाना में डाला चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश पर चौकी प्रभारी सीएसईबी भीमसेन यादव एवं सायबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी के द्वारा अपनी टीम के साथ घटनास्थल एवं आसपास का सीसीटीवी कैमरा खंगाला गया। मुखबीर की सूचना के आधार पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति मामले का प्रबल संदेही होने पर 25 अगस्त को चौकी प्रभारी सीएसईबी के नेतृत्व में टीम गठित कर बलौदाबाजार रायपुर रवाना किया गया था तथा ग्राम बारा थाना नवदिहा बाजार जिला पलामू (झारखण्ड) ⏭ शेष पेज 3 पर


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन साल पूर्व मामूली बात पर एक सिरफिरे पति ने अपनी पत्नी की डंडा से पीट पीटकर हत्या कर दी थी और पुलिस को चकमा देने के लिए उसकी लाश को सेप्टीक टैंक में ठिकाने लगा दिया था। मामले में तत्कालीन बालको थाना प्रभारी विजय चेलक ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर मामले को न्यायालय मे प्रस्तुत किया था और विवेचना अधिकारी श्री चेलक ने न्यायालय के सामने पर्याप्त सबूत पेश किए जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपी पति को आजीवन कारावास व 5 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

मामला बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत रुमगड़ा बस्ती की है। यहां निवासरत परमेश्वर राजपूत ने 18 जुलाई 2022 को बुधवारा बाई के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद तत्कालीन बालको थाना प्रभारी विजय चेलक ने मामले में गुम इंसान का मामला दर्ज कर तहकीकात शुरु की थी और बुधवारा बाई के घर पहुंची थी। जहां तात्कालीन थाना प्रभारी को वहां टॉयलेट के ऊपर रखी लकड़ियों पर शक हुआ। लकड़ियां हटाने पर टॉयलेट टैंक से बुधवारा बाई का शव बरामद हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने पूछताछ में मृतका के पति आरोपी रावेंद्र कुमार राजपूत ने जुर्म कबूल किया। उसने बताया कि मां को खाना न देने की बात को लेकर उसका पत्नी बुधवारा बाई से विवाद हुआ था। इसी दौरान गुस्से में उसने तेंदू के डंडे से पत्नी के सिर पर वार कर हत्या कर दी। बाद में शव को छिपाने के लिए टॉयलेट टैंक में डाल दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हथियार और अन्य साक्ष्य जब्त किए। मामले की विवेचना ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- हत्या कर सेप्टिक टैंक में शव को लगाया था ठिकाने

## उद्योग मंत्री के विशेष प्रयास से जमीन हस्तांतरण के लिए उत्पादन कंपनी के बोर्ड से मिली हरी झंडी

# बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र में एल्युमिनियम पार्क का मार्ग प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले को व्यावसायिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के दिशा में नगर विधायक, वाणिज्य, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के प्रयासों से बहुप्रतीक्षित एल्युमिनियम पार्क का मार्ग प्रशस्त हो गया है।


लखन देवांगन

उत्पादन कंपनी के बोर्ड की हुई बैठक में पूर्व सयंत्र के खाली पड़ी 105 हेक्टेयर जमीन हस्तांतरित करने के लिए हरी झंडी मिल गई है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र की 105 हेक्टेयर जमीन उद्योग विभाग को अब जल्द हस्तांतरित की जाएगी। इसके लिए बोर्ड ने प्रबंध निदेशक को अधिकृत किया है। साथ ही जिला प्रशासन, नजूल व राजस्व विभाग को जमीन का सत्यापन एवं सीमांकन कर उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने के लिए ऊर्जा विभाग द्वारा नजूल अधिकारी को पत्र जारी किया गया है। जिले में एल्यूमिनियम पार्क निर्माण के लिए उद्योग मंत्री श्री देवांगन के प्रस्ताव पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उद्योग विभाग के बजट प्रस्ताव में 5 करोड़ रुपए का घोषणा की गई थी। इसके बाद उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने उत्पादन कम्पनी के बंद पड़ी प्लांट की जमीन में एल्युमिनियम पार्क के लिए प्रस्ताव ऊर्जा विभाग और उद्योग विभाग को दिया था। एल्यूमिनियम की खपत विद्युत संयंत्रों के साथ दूसरे क्षेत्रों में भी बढ़ रही है। आफिस, बिल्डिंग के निर्माण में भी उपयोग हो रहा है। रेलवे भी एल्युमिनियम फैब्रिकेशन व इंजीनियरिंग पार्ट से जुड़े उत्पादों का इस्तेमाल करता है। पैकेजिंग, इलेक्ट्रिकल सामान, वाहनों की बॉडी स्ट्रक्चर, व्हील्स, प्लेन व प्रिंटेड फाइल्स, फर्मा व बर्तन प्रोडक्ट तैयार करने में एल्यूमिनियम का उपयोग किया जाता है। इन सेक्टर के उद्योग अधिक संख्या में लग सकेंगे।

**उद्योग मंत्री के प्रयासों का जिलेवासियों को मिला लाभ**

उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के सशक्त प्रयास का लाभ जिलेवासियों को मिलने जा रहा है। जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स, उद्योग संघ द्वारा वर्षों से मांग की जा रही थी। अब एल्युमिनियम पार्क बनने से जहा एल्यूमिनियम सेक्टर के छोटे बड़े उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। बालको के स्मेल्टर प्लांट में एल्युमिना तैयार होता है। एल्युमिनियम पार्क के बन जाने से एल्युमिनियम से तैयार होने वाले उत्पाद जिले में ही बन सकेंगे। एक ही जगह पर कई प्रकार के उत्पाद बनाए जा सकेंगे। इसके लिए स्थानीय और बाहरी उद्योगपति जिले में संयंत्र लगाने के लिए रुचि लेंगे।

**जल्द पूरी होगी हैंडओव्हर की प्रक्रिया**

उत्पादन कंपनी के बीओडी की बैठक में पूर्व संयंत्र की रिक्त जमीन उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने के लिए हरी झंडी मिल गई है, जल्द ही जमीन हेंडओवर की प्रक्रिया को पूरी की जायगी। एल्युमीनियम पार्क की स्थापना से लघु उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिले की वर्षों पुरानी मांग जल्द पूरी होगी।

**-लखनलाल देवांगन**, उद्योग, श्रम मंत्री

### शौरा को सांप ने डसा बाल-बाल बची जान

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार भाटापारा में निवासरत शौरा परिवार निवास करता है। जिसमें से कुलेश्वर धुर्वे उम्र 23 वर्ष को कोरबी छुईहापारा से मोबाइल पर बात हुई कि गौंहा सर्प आंगन के ईंट में घुसा है,उसे निकाल कर पकड़ना है, जिस पर दोपहर 12 बजे कुलेश्वर सर्प पकड़ने गया तो उसे सर्प ने काट लिया, जिससे उसे बहुत ज्यादा पीड़ा के साथ खुन निकलने लगा, शौरा ने अपने घर हरदीबाजार आकर अपने हिसाब से चीरा लगाकर, रस्सी से कड़ा बांध कर, जड़ी बूटी खाकर देखा, लेकिन राहत नहीं मिलने पर अंततः हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाम 7 बजे अपने परिवार सहित पहुंचा जहां सभी कर्मचारी हड़ताल में होने की वजह से गीता चौहान और स्टाप ने मिलकर इंजेक्शन लगाकर ट्रीप लगाकर उसकी जान बचाई।

## खबर संक्षेप

### महिला के बेग से 2.50 लाख के जेवर चोरी

**बिलासपुर**। तीज मनाने के लिए मायके से मौसी के घर जाने के लिए महिला बस में सवार हुई। भीड़ का फायदा उठाकर चोरो ने उनके बेग से 2.50 लाख रुपए के जेवर पार कर दिया। पुलिस महिला की रिपोर्ट पर चोरों के तलाश में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार गनियारी निवासी दुर्गा वर्मा पति विरेन्द्र वर्मा 25 अगस्त को मौसी के घर ग्राम जलसो जाने के लिए आटो से नेहरू चौक आई। यहां उनकी बहन सोनाली वर्मा, बुआ संदीपा वर्मा, ज्योति वर्मा, दामिनी वर्मा के साथ जलसो जाने के लिए अल्फा बस का इंतजार करते हुए खड़ी थी। शाम 5.30 बजे वाली बस में बैठकर जलसो जाने के लिए निकली। थोड़ी दूर जाने के बाद बैग का वजन कम लगने पर उन्होंने बैग खोलकर देखे तो सोने का हार, झुमका, चांदी का करधन चोरीपार हो गया था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नाले में बहे चौथे व्यक्ति का भी शव मिला

**बिलासपुर**। मन्नत पूरी होने पर मंदिर दर्शन के लिए गए चार श्रद्धालु लौटते समय बरसाती नाले में बह गए थे। सोमवार को तीन बच्चों का शव मिल गया था, जबकि मंगलवार सुबह चौथे व्यक्ति का शव भी बरामद हुआ। बलौदाबाजार जिले के बिटकुली निवासी सुरेश ध्रुव परिवार के साथ भनवारटंक स्थित मरही माता मंदिर दर्शन के लिए गए थे। उन्होंने अपने रिश्तेदार बलराम ध्रुव (45) निवासी बोदरी परसदा और उनकी बेटी मुस्कान (13) को भी साथ बुलाया था। दर्शन व भोजन के बाद सभी गांव लौटने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान पास के नाले में पानी पुलिया के ऊपर से बह रहा था। पुलिया पार करते वक्त तीन बच्चे मितांश ध्रुव (5), गौरी ध्रुव (13) और मुस्कान ध्रुव बह गए। उन्हें बचाने के प्रयास में बलराम भी नाले में कूद पड़े। घटना के बाद ग्रामीणों ने खोजबीन की, जिसमें सोमवार शाम तक तीनों बच्चों के शव मिल गए थे। बलराम का पता नहीं चल सका था। मंगलवार सुबह एसडीआरएफ और पुलिस ने तलाश अभियान चलाया और उनका शव कुछ दूरी पर झाड़ियों में अटका मिला। मंगलवार को चारों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद चकरभाठा क्षेत्र के बोदरी परसदा में बलराम व उनकी बेटी मुस्कान का अंतिम संस्कार हुआ, वहीं मितांश और गौरी का शव उनके गांव बिटकुली ले जाया गया। गांव में मातम पसरा हुआ है।

### 25 दिन के बच्चे को मातृ छाया में छोड़ा, मौत

**बिलासपुर**। निर्मोही मां 25 दिन के बच्चे को मातृ छाया में छोड़कर चली गई। बच्चे को इलाज के लिए शिशु भवन में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है जन्म के बाद उसका रीड की हड्डी नहीं बनी थी। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, एक निर्मोही मां रात के अंधेरे में अपने 25 दिन के बच्चे को मातृ छाया के झूले में छोड़कर चली गई थी। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर मातृ छाया वाले बाहर निकले तो झूले में बच्चा था। लगातार बच्चे के रोने पर मातृ छाया के लोग बच्चे को इलाज के लिए शिशु भवन में भर्ती कराने गए। मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया, डाक्टर ने पुष्टि की जन्म लेने के बाद उसकी रीड की हड्डी नहीं बनी थी। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर लिया है।

---

**किसानों में मायूसी** | खारंग जलाशय की बायीं तटनहर के टेल एरिया का हाल

# खारंग जलाशय लबालब, लेकिन नहर के अंतिम छोर में 23 दिन बाद भी सूखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खारंग जलाशय में लबालब पानी भरा है, लेकिन इसकी बायीं तटनहर के अंतिम छोर पर बसे गांवों में अब तक संतोषजनक पानी नहीं पहुंच पाने के कारण किसानों में मायूसी है। सिंचाई विभाग द्वारा खारंग की नहरों से 3 अगस्त को पानी छोड़ा गया था, लेकिन अंतिम छोर पर बसे ग्रामीणों के अनुसार नहर में 23 दिन बाद भी पानी नहीं पहुंचा है।

खारंग जलाशय खूंटाघाट में भरपूर बारिश के प्रभाव से इस साल समय से पहले ही वेस्टवियर प्रारंभ हो चुका है। सिंचाई विभाग द्वारा केवल वेस्ट वियर के



माध्यम से पानी को व्यर्थ न बहाते हुए बांध के दोनों गेट खोलकर भी बहाया जा रहा है, ताकि जरूरतमंद किसानों को इसका लाभ मिल सके। विभाग द्वारा तीन अगस्त से बांध की दोनों तटनहरों में पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन आज दिनांक तक नहर के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंचने से किसानों में मायूसी है। ग्रामीणों का कहना है कि शाखा नहर में पानी का लेबल अगर 90 सेंटीमीटर हो तो ही अच्छी सिंचाई हो सकती है, लेकिन आज तक का रिकार्ड है कि नहर में 40 सेंटीमीटर से ज्यादा पानी उपलब्ध ही नहीं हो पाता। इधर सिंचाई विभाग का कहना है कि बांध से नहर के अंतिम छोर की दूरी 75 किलोमीटर से भी अधिक है। यही कारण है कि पानी खोलने के दिनांक से खेतों की सिंचाई होते-होते अंतिम छोर तक पहुंचने में 25 से 30 दिनों का समय लग ही जाता है।

### खेती के लिए पानी की जरूरत

पिछले दस दिनों से जिले में तेज बारिश हो ही नहीं रही है, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए अब नहर के पानी का ही इंतजार है। खारेग जलाशय से लेकर 30 किलोमीटर के दायरे में बसे गांवों में किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिल रहा है, लेकिन इसके आगे बसे गांवों में दिक्कत हो रही है। सोन, सोनसरी, जोंधरा सहित करीब पंद्रह गांवों में नहर में पर्याप्त पानी ही नहीं आ पाने के कारण लोगों में मायूसी है।

### विभाग कर रहा सतत मानिटरिंग

बांध से नहर में पानी छोड़ने के दिनांक से लेकर ठीक एक महीने बाद कितने हेक्टेयर में सिंचाई की जा चुकी है, इसकी जानकारी तैयार की जाती है। वैसे तो टेल एरिया में पानी विलंब से पहुंचता ही है, लेकिन पानी पहुंचे ही नहीं यह संभव नहीं है। नहर के आखिरी छोर तक पानी की उपलब्धता रहे इसके लिए विभाग सतत मानिटरिंग कर रहा है।

**-मधु कुमार चंद्रा**, ईई खारंग जलसंसाधन संभाग

---

शहर में चल रहीं अवैध चौपाटियां, मर्जी से खुल रहीं दुकानें

# 20 करोड़ में 10 जगहों पर बनना था वेंडिंग जोन, 10 सालों में जगह ही तय नहीं हो सकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की कई सड़कों पर अवैध चौपाटियां चल रही हैं। निगम की अनुमति के बिना यहां कारोबार किया जा रहा है। देखा जाए तो निगम ने शहर में 1200 के करीब लोगों को वेंडिंग जोन के लिए चिन्हित किया था, जबकि 5,000 से ज्यादा ठेले और चौपाटियां लग रही हैं। इन अवैध चौपाटियों और ठेलों को नियंत्रित नहीं किया जा रहा है। 10 के करीब जगहों पर वेंडिंग जोन बनाए जाने थे, लेकिन दो जगहों पर ही बन सके हैं। बाकि के लिए निगम को जगह ही नहीं मिल सकी। जबकि व्यापार विहार, मंगला चौक के पास और मुंगेली नाका चौक के पास वेंडिग जोन बनाए जाने की घोषणा भी की गई थी। इसके अलावा 2 करोड़ रुपए में तैयार की गईं कियोस्क स्मार्ट गुमटियों में से अधिकांश कंडम हो गईं, तो कुछ का वितरण नहीं किया जा सका।

- **अवैध पार्किंग से बिगड़ा ट्रैफिक, वेंडिंग जोन नहीं बनने से परेशानी**

सदर बाजार, गोल बाजार, शनिचरी, बृहस्पति, तेलीपारा, पुराना बस स्टैंड, मुंगेली नाका, गौरव पथ, महाराणा प्रताप चौक, तारबाहर, सरकंडा, राजकिशोर नगर, कोनी सहित विभिन्न सड़कों पर 1000 से अधिक गुमटियां व ठेलों के जरिए लोग रोजमर्रा के फल, सब्जी से लेकर अन्य वस्तुओं का कारोबार कर रहे हैं। शाम के वक्त इनकी संख्या ज्यादा होती है और इसके चलते आवागमन में बाधा पहुंचती है। बृहस्पति बाजार, शनिचरी, वाल्मिकी चौक, बिलासा चौक जैसे स्थानों पर ट्रैफिक ठप रहता है। नगर निगम के अतिक्रमण निवारण दस्ते व ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई छलावा साबित होती है, क्योंकि जैसे ही टीम बाजार से हटती है, ठेले वापस रोड पर पहुंच जाते हैं। देखा जाए तो शहर में वेंडर पालिसी 12 सालों से चल रही है।



गोंड़पारा में बनाई गई स्मार्ट गुमटियां हो गई कंडम।

### 3 साल में 7 हजार वेंडर बढ़ गए

एनयूएलएम यानी राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत 2018-19 में केंद्र सरकार के निर्देश पर चेन्नई की टीम ने शहर में वेंडरों का सर्वे किया। उस वक्त 3,000 वेंडर्स की पहचान की गई और उन्हें वेंडर कार्ड दिए गए। इसके बाद चार अलग-अलग श्रेणियों में फिर वेंडर, गुमटियों के सहारे जीविका चलाने वालों के संबंध में सर्वे किया गया तो 7,000 वेंडर पाए गए। ये आंकड़े एनयूएलएम के पोर्टल पर उपलब्ध हैं। इस प्रकार शहर में वेंडरों की संख्या 10,000 पहुंच चुकी है और इसमें निरंतर बढ़ोतरी हो रही है।

### इन स्थानों पर बनने थे वेंडिंग जोन

वेंडर पालिसी लागू होने के 8 वर्षों में पहली बार रिवर व्यू रोड पर 19 वेंडर्स को मॉडल कियोस्क दिए गए थे। साल भर की मशक्कत के बाद 32 वेंडर्स को मुक्तिधाम रोड सरकंडा में स्थान आबंटित करने का दावा किया गया है। गुमटियां वहां लगाई गई हैं, परंतु कारोबार अभी शुरू नहीं हो पाया है। इसके अतिरिक्त चार अन्य स्थानों पर पंप हाउस कुदूदुंड, मंगला चौक, अशोक नगर सीएसईबी कार्यालय के पीछे एवं डीएलएल कालेज अशोक नगर के पास कियोस्क आबंटित करने का निर्णय एमआईसी ने लिया था।

### आबंटन के बाद किस्त भी जमा नहीं

इन गुमटियों को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत तैयार किया गया था। गुमटी का आकार 28 वर्गफीट है। इसमें शटर भी लगा था। योजना थी कि इस गुमटी में छोटे व्यापार जैसे फोटोकापी, च्वाइस सेंटर, टी स्टाल, पान ठेला की तरह अन्य दुकानें संचालित हो सकेंगी। पहले चरण में 100 गुमटियों का आबंटन किया गया। इसके बाद दूसरे चरण में 200 और स्मार्ट ठेले बनाए गए। कुल मिलाकर इन पर 2 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इनमें से कुछ का वितरण निगम नहीं कर सका, तो कई लोगों ने गुमटियां ले तो लीं, लेकिन दुकानें नहीं खुलीं। जानकारी मिली कि कुछ लोग इसे किराए पर चढ़ाने में लगे रहे। इसी वजह से निगम को किश्त भी जमा नहीं की गई। दरअसल, एक गुमटी की कीमत 94,000 रुपए थी, जिसे 10,000 रुपए जमा करने पर दिया जा रहा था।

### बिना अनुमति खुल रही चौपाटियां

शहर में कोई भी कहीं पर चाट-गुपचुप और अन्य खाद्य पदार्थों का ठेला लगाकर चौपाटी खोल रहा है। इसकी न तो निगम से अनुमति ली जा रही है और न ही इन जगहों पर वेंडिंग जोन घोषित किया जा रहा है। मिनोचा कालोनी के सामने, मिशन अस्पताल के सामने से लेकर लिंक रोड में, तेलीपारा, इमलीपारा में तीन जगहों पर छोटी चौपाटी बन गई है। बस स्टैंड में राजीव प्लाजा के सामने, दयालबंद में अवैध ठेले-खोमचे और छोटी दुकानें खुल गईं हैं। इसी तरह शहर में कई जगहों पर कारोबारियों ने खुद ही चौपाटी खोल ली है। हालांकि नगर निगम इनमें से कुछ को वेंडिंग जोन घोषित कर कारोबारियों को लाइसेंस दे रहा है।

### अवैध कारोबार पर सख्ती बरत रहे

वेंडिंग जोन के तहत निगम ने कियोस्क गुमटियों का आबंटन छोटे कारोबारियों को किया था। कई लोगों ने गुमटियां तो ले लीं, लेकिन कारोबार शुरू नहीं किया। इन लोगों ने किस्त भी जमा नहीं की। अवैध रूप से चौपाटी चलाने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है।

**-खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

---

# नशे में स्टेशन के बाहर चाकूबाजी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

शहडोल से रायपुर जा रहे एक युवक को रेलवे स्टेशन के बाहर चाकू मारकर जानलेवा हमला कर दिया गया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दो नाबालिग व एक युवक को पकड़ लिया है। तीनों ने नशीले टेबलेट के नशे में युवक को चाकू मारा था। पकड़े जाने पर भी तीनों नशे में धुत थे। पुलिस ने नशीले टेबलेट बेचने वाले युवक को भी पकड़कर मामले में आरोपी बनाया है। चारों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

- **आरोपियों को टेबलेट बेचने वाले युवक को आरोपी बनाकर किया गिरफ्तार**

शहडोल खूजरी निवासी समीर यादव पिता संतोष यादव रविवार की रात 11.30 बजे काम से रायपुर जाने के लिए अपने एक दोस्त के साथ ट्रेन से बिलासपुर आया था। रायपुर जाने के लिए दूसरी ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन में रुके हुए थे। रात 2.30 बजे समीर यादव शौचालय जाने के लिए रेलवे स्टेशन के बाहर निकला।

हल्दी राम होटल के पास पीछे से बाइक सवार तीन लोग आए और उसके सीने में चाकू से जानलेवा हमला कर भाग गए। दोस्तों ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पुलिस के द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया।

फुटेज के आधार पर पुलिस ने चिंगराजपारा निवासी अमन सारथी उर्फ बिट्टू पिता घनश्याम सारथी 20 साल व दो नाबालिग को पकड़ लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115, 2, 117, 2, 296, 3, 5, 351, 2 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### 12 घंटे बाद भी आरोपियों का नशा नहीं उतरा

सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, पुलिस ने दोनों नाबालिग व युवक को पकड़ा तो तीनों टेबलेट के नशे में धुत थे। तीनों ने नशे में ही चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ के दौरान तीनों गोलमोल जवाब दे रहे थे। 12 घण्टे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी तीनों का नशा खत्म नहीं हुआ था। काफी मशक्कत करने के बाद उन्होंने सरकण्डा बंगालीपारा निवासी राहूल का नाम बताा। पुलिस ने उसे पकड़कर बीएनएस की धारा 49 के तहत दुष्प्रेरणा का आरोपी बनाया है। वहीं पुलिस ने राहुल को नशीले टेबलेट बेचने वाले युवक को भी पकड़ लिया है। उससे पूछताछ कर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने में पुलिस जुटी हुई है।

---

# एनएचएम की हड़ताल, कर्मचारियों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले सहित प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था बीमार हो चुकी है। एनएचएम के कर्मचारी को हड़ताल पर गए 9 दिन बीत चुके है।

- **आंदोलनकारियों ने उड़ाए गुब्बारे**

मंगलवार को स्वास्थ्य संविदा कर्मियों ने संविदा गो का नारा लगाकर गुब्बारे छोड़े। संघ के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा संविदा कर्मियों के नियमितीकरण हेतु केंद्र से मांगे गये प्रस्ताव का खंडन किया और कहा कि साल 2018 में केंद्र द्वारा सहमति जताई गई है। इस पर साठ प्रतिशत का अंशदान देने की बात भी की गई थी। प्रदेश में 16,000




हड़ताल के बाद आंदोलनकारियों ने गुब्बारे उड़ाए।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी अपने नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों की हड़ताल का सीधा असर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है, जिससे अस्पतालों में मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 20 वर्षों से लगातार सेवा देने के बावजूद एनएचएम कर्मचारियों का नियमितीकरण की राह देख रहे है। वहीं 10 सूत्रीय मांगों में समान वेतन-समान वेतन, स्थानांतरण नीति, सेवा शर्तों का निर्धारण, सामाजिक सुरक्षा लाभ सहित अन्य बिंदु शामिल हैं। संघ ने कहा कि सरकार की उपेक्षा और टालमटोल की नीति से मजबूर होकर कर्मचारियों को आंदोलन करना पड़ रहा है।

एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल के कारण राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे मलेरिया, टी बी, टीकाकरण, महामारी नियंत्रण के रिपोर्टिंग, जन्म मृत्यु पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र, महतारी प्रसव,अस्पतालों मे ओपीडी सेवा, शल्य क्रिया, आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हो रही है।

कार्यकारी प्रांताध्यक्ष श्याम मोहन दुबे सरकार द्वारा नियमितीकरण की दिशा में जल्द ही ठोस और उचित कार्रवाई नहीं की गई। अब आंदोलन अधिक उग्र किया जाएगा।

---

# गणेश पंडाल बनाने के विवाद में महिला पर बीयर बाटल से हमलाः जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गणेश पंडाल बनाने के विवाद में महिला पर बीयर बाटल से हमला कर दिया गया । रिपोर्ट लिखाने थाने जाने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



- **सिविल लाइन थाने का मामला**

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तालापारा मिनी माता नगर निवासी अनीश भारद्वाज पिता स्व. दुकालूराम भारद्वाज 25 अगस्त को रात्रि 9.30 बजे गणेश पंडाल में डेकोरेट करने के लिए खम्भे से लाइन खींच रहे थे।

इसी दौरान साधेलाल गेंदले घर से लाठी लेकर गाली गलौज करने लगा। कुछ देर बाद ही राजा व गोंदू पर लाठी से वार कर दिया गया। दोनों इससे बच गए। इसी दौरान पड़ोसी साधेलाल के परिजन भी घर से निकले। इससे विवाद बढ़ गया। विवाद की आवाज सुनकर अनीश की मां सीता बाई भारद्वाज बीच बचाव करने लगी। तब समीर गेंदले ने बीयर बाटल फेंककर मारा। जिससे उसकी मां सीता बाई के चेहरे पर गंभीर चोट आई है। प

लिस ने अनीश की रिपोर्ट पर समीर, साहिल, साधेलाल गेंदले के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

# फर्जी एकाउंट धारकों पर प्रहार 162 लाख का लेनदेन उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

सायबर धोखाधड़ी अवैध लेनदेन के लिए फर्जी एकाउंट (संदिग्ध एकाउंट) धारकों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 1 करोड़ 62 लाख का लेनदेन उजागर किया है। इस दौरान 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 100 से अधिक संदिग्ध खातों की पहचान की गई है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस पुलिस अधीक्षक ि वजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं उमेश कुमार कश्यप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में म्यूल अकाउंट के विरूद्ध साइबर क्राईम पोर्टल में रिपोर्टेड म्यूल बैंक अकाउंट की जांच करने हेतु योजना तैयार कर साइबर टीम जांजगीर को निर्देशित किया गया था। प्रारम्भिक जांच पर नेशनल साइबर क्राईम पोर्टल में संदिग्ध्य पाये गय बैंक खातो को चिन्हांकित किया गया है म्यूल बैंक अकाउंट की जांच की गई। जांच कार्यवाही में पीड़ितों की पहचान कर उनसे घटना के संबंध में जानकारी एकत्र किया गया। साइबर क्राईम पोर्टल की रिपोर्ट, बैंक खाता में हुए ट्रांजेक्शन, एक ही व्यक्ति के अधिक बैंक अकाउंट एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य के आधार पर बैंक अकाउंट खुलवाने तथा अकाउंट का डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग फर्जी ऐप, क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट, गूगल रिव्यू टास्क, टेलीग्राम टास्क, बैंक केवाईसी अपडेट एवं गूगल सर्च जैसे साइबर अपराध में उपयोग करने वाले लोगों को चिन्हांकित किया गया।

---

### सायबर अपराध से बचने एसबीआई ने दी जानकारी

**जांजगीर-चांपा**। सायबर अपराध, सायबर धोखाधड़ी से बचने के लिए जांजगीर चांपा पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा जांजगीर की संयुक्त टीम द्वारा सायबर जन जागरूकता कार्यक्रम कर लोगों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान लोगों को सायबर क्राइम एवं ऑनलाईन ठगी से बचाव एवं सोशल मिडिया के सुरक्षित उपयोग के तरीको के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। किसी भी व्यक्ति के साथ अपना पिन अथवा ओटीपी शेयर ना करें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करे, किसी भी अनजान व्यक्ति का फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट ना करें, पी.एम. किसान योजना एपलीकेशन संबंधी वाट्सएप मैसेज आने पर डाउनलोड ना करें, टेलीग्राम में टास्क के नाम पर एवं अधिक लाभ देने वाले शेयर ट्रेडिंग से सावधन रहे, ऑनलाईन शांपिग हेतु अधिकृत शापिंग साईड का उपयोग करने की सलाह दी गई। इसके साथ ही सायबर अपराधो को संज्ञान में लेते हुए विजय कुमार पाण्डेय पुलिस अधीक्षक एवं श्रीमती ज्योत्सना सिंह प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा जांजगीर के निर्देशन में सायबर जन जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन 26 अगस्त को जांजगीर कचहरी चौक में किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर उमेश कुमार कश्यप एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार एवं एसबीआई प्रबंधक चांपा, नैला शाखा भी उपस्थित रहे।

---

# आयुष्मान और आधार कार्ड बनाने वृद्ध से 4 हजार ऐंठें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में इलाज के लिए पहुंची वृद्ध महिला से आयुष्मान और आधार कार्ड सहित राशन कार्ड बनाने के लिए 4 हजार रुपए लेने वाली महिला को रंगे हाथों पकड़ा गया।

सिम्स की गार्ड लक्ष्मी ने साहस दिखा कर फर्जी महिला को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने फर्जी महिला पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए बुजुर्ग महिला को 4 हजार रुपए वापस करा दिया है।

### पुलिस ने कराया वापस

मंगलवार की सुबह 10 बजे 67 वर्षीय बुजुर्ग महिला सिम्स पहुंची। इस दौरान उसकी भेंट नूपुर बनर्जी से हुई। जिसने उसे आयुष्मान से बेहतर इलाज का झांसा दिया। बुजुर्ग महिला के पास ना तो आधार कार्ड था और ना ही आयुष्मान कार्ड था। फर्जी महिला ने बुजुर्ग को अपने बातों में फंसा 4 हजार रुपए की मांग की। बेहतर इलाज और आधार व आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए बुजुर्ग महिला ने उसे 4 हजार रुपए दे दिया। इस की जानकारी सिम्स के एमआरडी में मौजूद महिला गार्ड लक्ष्मी दुबे को हो गई। उसने उक्त महिला को आयुष्मान कार्ड के लिए रुपए लेते पकड़ लिया। गार्ड के साथ महिला को सिम्स के पुलिस चौकी ले जाया गया, जहां फर्जी महिला ने हंगामा शुरू कर दिया। जिसके बाद उसे सिटी कोतवाली थाना ले जाया गया, पुलिसिया पुछताछ में उसने 4 हजार रुपए लेना स्वीकार कर लिया।

### महिला को थाने लाया गया

पुलिस ने बुजुर्ग महिला को राहत पहुंचाते हुए तत्काल 4 हजार रुपए वापस करवाया और उक्त महिला के खिलाफ धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। कोतवाली टीआई देवेश राठौर ने बताया कि चौकी से सूचना मिली थी कि तोरवा पावर हाउस निवासी नूपुर बनर्जी पति आशीष बनर्जी अक्सर लोगों को आयुष्मान और आधार कार्ड बनाने का झांसा देकर ठगती है, पुलिस बल भेज कर महिला को थाना लाया गया था, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

## खबर संक्षेप



### पाली महाविद्यालय में किया गया पौधरोपण

**चैतमा।** पाली महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा पौधरोपण किया गया। यह वृक्षारोपण कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूल मंत्र एक पेड़ माँ के नाम विषय पर किया गया। महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ हर्ष पान्डेय के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने बड़ी संख्या में महाविद्यालय परिसर में पौधे लगाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक सुनील कंवर, संतराम खान्डेकर, जितेन्द्र शुक्ला, अशोक जयसवाल सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेवक और विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

### ग्राम बेलाकछार में किया गया पौधरोपण



**बालको।** हरितालिका तीज व्रत के अवसर पर ग्राम बेलाकछार नगर के दुर्गा मंदिर के समीप पीपल का पौधरोपण किया गया। इस दौरान कथा वाचक आचार्य पंडित गोपेंद्र शास्त्री एवं दुर्गा मंदिर के सपरिकर राकेश साहू, धीरेंद्र पटेल, कृष्णा महंत द्वारा पौधरोपण किया गया। इस दौरान महाराज ने बताया कि हरतालिका तीज के दिन पीपल वृक्ष लगाने से दीर्घायु की प्राप्ति एवं सर्व मनोकामना की सिद्धि होती है।

### जैन श्रीसंघ एवं महावीर मंच नगरी द्वारा विद्यार्थियों का सम्मान



**कोरबा।** जैन श्रीसंघ एवं महावीर मंच नगरी के सौजन्य से सरस्वती शिशु मंदिर के 170 विद्यार्थियों को मांसाहार का त्याग करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक विद्यार्थी को 2-2 कॉपी एवं बिस्किट भेंट किए गए। शिशु मंदिर के आचार्य भाई एवं बहनों को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। जैन भवन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में जैन श्रीसंघ अध्यक्ष मूलचंद कोटड़िया, प्रकाश बैद, संरक्षक जसराज जैन, योगेश जैन एवं निर्मल जैन उपस्थित रहे। इस दौरान मूलचंद सेठिया एवं वीरेन्द्र पुगलिया ने विद्यार्थियों को मांसाहार त्याग, व्यसनमुक्ति एवं संस्कार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल एवं रोचक शब्दों में मार्गदर्शन दिया। चित्रक एवं आपसी संवाद के माध्यम से बच्चों ने इन विषयों में गहरी रुचि दिखाई। श्री पुगलिया ने बच्चों के अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि जब ये विद्यार्थी भवन में प्रवेश करते हुए अपने पदवेश को कतारबद्ध रख रहे थे, तभी यह स्पष्ट हो गया कि ये बच्चे सरस्वती शिशु मंदिर से आए हैं। कार्यक्रम में शिशु मंदिर के शिक्षक शशिकांत पटवा, छतराम माली, श्रीमती ममता सिंह, संतोष यादव, रमाकांत यादव सहित स्टाफ उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय रजक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष के कोरबा प्रवास पर स्वागत



**कोरबा।** राष्ट्रीय रजक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर का कोरबा के प्रवास पर रजक महासंघ के इकाई मुख्यालय ग्राम रतीजा में राष्ट्रीय रजक महासंघ के जिला संरक्षक कुंज राम निर्मल करके निवास प्रमुख पदाधिकारी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संगठन की शक्ति से ही समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है। हमें शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। संगठन को ग्राम स्तर से मजबूती प्रदान करते हुए प्रदेश स्तर पर अखंड समाज की निर्माण के लिए आप सब की सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी निकट भविष्य में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन राष्ट्रीय रजक महासंघ के बैनरतले किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें समाज के निर्वाचित एवं मनोनीत जनप्रतिनिधियों, समाज के प्रतिभावान व्यक्तित्व, वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान किया जाना प्रस्तावित है। बैठक का संचालन मनीराम किया। बैठक में कुंजराम निर्मलकर, धनीराम कर्ष, युवा जिला अध्यक्ष, रंजीत निर्मलकर इकाई अध्यक्ष रतीजा उपस्थित थे।

## निधन

### पवन कुमार



**बांकीमोंगरा।** बांकीमोंगरा ग्राम पंचायत चाकाबुड़ा निवासी पवन कुमार निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम चाकाबुड़ा में किया गया। इस दौरान परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

---

### एसईसीएल में लगभग 22 हजार ठेका कर्मचारी दे रहे सेवाएं

# कोयला खदानों के ठेका श्रमिक भी अब आएंगे कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की कोयला खदानों के ठेका मजदूर भी कॉपोरेट सैलरी पैकेज के दायरे में आएंगे। कोल कंपनी के नियमित कर्मचारी के लिए पहले ही प्रबंधन ने कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज स्कीम को लागू कर दिया है। पिछले महीने 31 जुलाई को कोल इंडिया के निदेशक मंडल की बैठक में एसईसीएल समेत अन्य सहयोगी कोल कंपनियों के ठेका मजदूरों के लिए लागू वैधानिक प्रावधानों व मौजूदा गैर वैधानिक लाभों के अलावा अतिरिक्त लाभों को तत्काल प्रभाव से लागू करने मंजूरी मिली है।

**खास बात**
- स्कीम का लाभ दिलाने के प्रयास में जुटा प्रबंधन

उल्लेखनीय है कि इस स्कीम का लाभ ठेका कर्मियों को दिलाने एसईसीएल प्रबंधन प्रयास में जुटा हुआ है। एसईसीएल के विभिन्न खदानों में कुल 22 हजार ठेका कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें केन्द्र से संचालित जीवन ज्योति, सुरक्षा बीमा योजना और डाक दुर्घटना बीमा शामिल है। साथ ही कोल कंपनियों के आवास, शिक्षा, चिकित्सा समेत अन्य सुविधाओं पर भी कोल इंडिया के बोर्ड स्तर पर मंजूरी दी है। इसके बाद कोल इंडिया के महाप्रबंधक (एचआर) गौतम बनजी ने कार्यालय आदेश भी जारी कर दिया है। इसके अनुसार कोल इंडिया के सम्झौता ज्ञापन के अनुसार सामान्य बैंक वेतन खाते से कॉपोरेट वेतन पैकेज योजना में परिवर्तन के लाभों के बारे में जागरूकता लाने कहा गया है, वित्तीय साक्षरता पर भी प्रशिक्षण दिए जाएंगे। ठेका मजदूर व उनके आश्रित सदस्यों को कोल कंपनी के विभागीय अस्पतालों में ओपीडी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। ठेका श्रमिकों के बच्चों के लिए 18 साल तक की आयु तक अनुबंध की अवधि तक मेडिकल सुविधा देने का भी उल्लेख है। ठेका कामगार के कोयला खदानों नियोजित ठेका कंपनी की अनुबंध अवधि में न्यूनतम किराए में कोल कंपनी के खाली आवास दिए जाएंगे। जारी कार्यालय आदेश में कोल इंडिया के एचआर विभाग ने खदान में नियोजित ठेका कंपनियों स्थानीय युवाओं को अनिवार्य रूप से नियुक्त करने अधिसूचना जारी किए जाने की भी जानकारी दी है।



फाइल फोटो

**कोल कर्मियों में संशय की स्थिति**

नियमित कोयला कर्मचारी भी इस संशय में है कि उनके बैंक खाते कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज के दायरे में है या नहीं। जबकि सालभर पहले स्कीम लागू हुई है। श्रमिक नेताओं ने बताया कि उक्त योजना सीआईएल और 8 राष्ट्रीयकृत बैंकों के मध्य आपसी समझौता (एमओयू) के तहत 13 सितंबर 2024 से लागू है। इसके बाद से ही कोल इंडिया की सहयोगी कोल कंपनियों में स्कीम प्रभावी है। पूर्व में एचएमएस संगठन ने कुसमुंडा प्रबंधन से कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज को लेकर जानकारी मांगी थी। इस स्कीम के तहत बैंक खाते के माध्यम से विशेष लाभ व सुविधाओं के दायरे में कर्मचारी आते हैं।

**लाभ दिलाने प्रयास शुरू**

एसईसीएल के 22 हजार ठेका कर्मचारियों को कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज स्कीम का लाभ दिलाने प्रयास किया जा रहा है। खदानों में कोयला खनन व परिवहन में ठेका कंपनियों को अनुबंध के आधार पर ठेके पर काम दिया है।
-**डॉ.सनीष चंद्र,** पीआरओ, एसईसीएल

---

## आकर्षी ने कैमरून इंटरनेशनल चैलेंज में जीता कांस्य पदक



पदक के साथ आकर्षी कश्यप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की उभरती हुई बैडमिंटन स्टार आकर्षी कश्यप ने कैमरून इंटरनेशनल चैलेंज 2025 में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) इंटरनेशनल चैलेंज सीरीज का हिस्सा है। याउंडे, कैमरून में आयोजित इस टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिससे आकर्षी की यह उपलब्धि देश के लिए गर्व का क्षण बन गई। प्रदेश की रहने वाली आकर्षी को एनटीपीसी कोरबा की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के अंतर्गत सहयोग प्राप्त है, जिसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और युवाओं को अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए आकर्षी कश्यप ने कहा, कैमरून इंटरनेशनल चैलेंज में कांस्य पदक जीतना मेरे लिए गर्व का क्षण है। दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसने मुझे और बड़ी जीत हासिल करने के लिए प्रेरित किया है। आकर्षी कश्यप ने कहा कि एनटीपीसी कोरबा की निरंतर सहायता और प्रोत्साहन के लिए आभारी हूं। उनके विश्वास से मुझे हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कैमरून इंटरनेशनल चैलेंज 2025 को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) कैलेंडर में मान्यता प्राप्त है और यह खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग अंक अर्जित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। यह टूर्नामेंट कई देशों के श्रेष्ठ शटलरों को आकर्षित करता है, जिससे यह वैश्विक बैडमिंटन सर्किट की एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता बन जाती है। एनटीपीसी ने अपने सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार खेल प्रतिभाओं को निखारने, आवश्यक संसाधन प्रदान करने और खिलाड़ियों को सर्वोच्च स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए सहयोग करने का कार्य किया है।

---

## राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो की प्रदर्शनी को ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। ओपन थियेटर मैदान घन्टाघर चौक, निहारिका में संचालित प्रदर्शनी के संचालक द्वारा जिलेवासियों के लिए अब प्रदर्शनी का शुभारंभ हो चुका है। शहरवासियों के इस मेले में खरीदी का लुत्फ उठा सकते हैं। प्रदर्शनी के सभी स्टॉल्स में जाकर हस्तशिल्प एवं हथकरघा से बने सभी सामानों को बारीकी से जाने वहां से खरीदारी कर वहां के दुकानदारों से हस्तशिल्प व क्राफ्ट से बने सामानों का आनंद ले व खरीदी करें। संचालक अनिल यादव जी ने बताया कि यहां ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है,इस प्रदर्शनी में भारत के अलग-अलग राज्यों के अर्थेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हेण्डलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है। संचालक ने बताया कि जहां कोलकाता की कोथा की सिल्क साड़ी तथा भागलपुर की सिल्क साड़ियां महिलाओं को लुभा रही है, वहीं युवतियों के लिए उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन तथा कॉटन सलवार की विशाल रेंज युवतियों को खूब लुभा रही है। इतना ही नहीं कोरबा में आयोजित इस एक्जीबिशन में ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छे कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें कोलकाता की कोथा की सिल्क साड़ी, राजस्थानी मोजड़ी एवं कुर्ती, कश्मीरी पश्मीना शॉल व सिल्क साड़ी, कर्नाटक की पोचमपल्ली साड़ी, डिजाइनर लेदर जैकेट, महाराष्ट्र की फैंसी चप्पलें, उत्तर प्रदेश की लखनवी चिकन व ड्रेस मटेरियल एवं लखनवी साड़ियां, बनारसी सिल्क साड़ी, मुरादाबाद गिफ्ट आइटम, मेरठ खादी शर्ट, लेडिस कुर्ती, भदोही के सिल्क कारपेट, सहारनपुर के फर्निचर, गुजराती सिल्क साड़ी, मनमोहक पापड़ व स्वादिष्ट आचार, नागालैंड के ड्राई फ्लावर, भागलपुर की सिल्क साड़ियां, कलकत्ता के जूट बैग, जूट चप्पल एवं आकर्षक खुर्जा के क्रोक्रि सामानों की विशाल रेंज उपलब्ध है। गणेश पर्व के शुभ अवसर पर सामानों की खरीदी कर विशेष आकर्षक की कई वस्तुएं घरों के उपयोग में आने वाली कई समान ग्राहकों हेतु रखे गये है। ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा खरीदी का लाभ उठाए यहां डेबिट व क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध है। सुबह 10 से रात 11 बजे तक इस प्रदर्शनी का लाभ ले सकते हैं।

**खास बात**
- 21 से ओपन थियेटर मैदान में है संचालित



---

## अग्रवाल सभा कटघोरा के पवन ज्योति बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रसेन भवन कटघोरा में अग्रवाल सभा कटघोरा के आगामी 2 वर्ष के सत्र 2025 से 27 तक के लिए नवीन कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न किया गया। इस चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए अग्रवाल सभा की ओर से सुरेश केडिया केशव मित्तल व सन्तोष अग्रवाल को चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारियों के द्वारा सर्वप्रथम प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन फार्म भरने जमा करने व नाम वापसी की प्रक्रिया को विधिवत घोषित किया गया।

अध्यक्ष पद के लिए पवन अग्रवाल नेता व पवन अग्रवाल ज्योति वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रशांत अग्रवाल व राकेश अग्रवाल के नामो की सूची को चस्पा किया गया। जबकि एक ओर उपाध्यक्ष पद पर सुरेश बंसल व सचिव पद के लिए अभिषेक गर्ग निर्विरोध निर्वाचित चुन लिए गए थे। मंगलवार की सुबह 10 बजे से मतदान की प्रक्रिया को प्राम्भ किया गया जो कि दोपहर 2 बजे तक चुनाव की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। चुनाव में कुल 269 मतदाताओ में से 264 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया गया। दोपहर 3 बजे से मतगणना प्रारम्भ किया गया व 4 बजे विजेताओं के नामों की घोषणा की गई। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पवन अग्रवाल को 126 मत व पवन अग्रवाल ज्योति को 137 मत प्राप्त हुए व 1 मत रिजेक्ट हुए। इस प्रकार पवन अग्रवाल ज्योति 11 मतों से अध्यक्ष चुने गए वही कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रशांत अग्रवाल को 106 मत व राकेश अग्रवाल को 155 मत प्राप्त हुए व 3 मत रिजेक्ट हुए जिससे राकेश अग्रवाल 49 मतों से कोषाध्यक्ष पद पर विजयी हुए। अग्रवाल सभा के नवीन सभी विजयी प्रत्याशियों को चुनाव समिति के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। अधिकारी सुरेश केडिया, सन्तोष अग्रवाल, केशव मित्तल के द्वारा इस चुनाव को संपन्न कराने के लिए शम्भू अग्रवाल, संजय मित्तल, पीयूष गर्ग, अंकुश अग्रवाल का सहयोग रहा। अग्रवाल सभा कटघोरा के साथ साथ ढेलवाडीह, सुतर्रा, चैतमा, रजकम्मा, पाली, जड़गा, बगदेवा, पोड़ी, गुरसिया के सभी अग्रबन्धुओं ने भी आकर अपने मतों का प्रयोग किया। समाज की ओर से मतदान के पश्चात सभी के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।

**खास बात**
- सुरेश उपाध्यक्ष, अभिषेक सचिव व राकेश बने कोषाध्यक्ष





चुनाव में विजयी प्रत्याशी।

**जताया आभार**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष पवन अग्रवाल ज्योति ने चुनाव में विजयी होने के पश्चात सभी मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि समाज के सभी सदस्यों ने जिस विश्वास के साथ मुझे अध्यक्ष पद की जवाबदेही सौंपी है मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि सभी के साथ मिल जुलकर कार्य करते हुए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा।

---

## दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित शिविर में बांटी गई पाठ्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंधेरीकछार में समग्र शिक्षा विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय सर्व शिक्षा अभियान समावेशी शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पार्षद एवं भाजयूमो जिलामहामंत्री नरेंद्र देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार शिक्षा के अधिकार को सशक्त करते हुए समावेशी समाज और सशक्त भारत के निर्माण हेतु सतत प्रयासरत है। इस तरह के विशेष आंकलन शिविर दिव्यांग बच्चों को सम्मान और आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में एक नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। शिविर में 3 से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित, बौद्धिक, मानसिक, स्पीच, लोकोमोटर, मल्टीपल आदि का परीक्षण कराया गया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों को सहायक सामग्री एवं किट-बैग प्रदान किया कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बीईओ संजय अग्रवाल, बीआरसी ग्रामीण अनिल रात्रि, बीआरसी सहकारी आरडी केशकर, बीआरपी जावेद अख्तर, प्रधान पाठक बुंदेली सम्मेलाल यादव, कृष्ण द्विवेदी, अभिषेक साहू, अमर सहित स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक दल एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारीगण भी मौजूद रहे। शिविर के अंत में उपस्थित बच्चों, अभिभावकों एवं अधिकारियों को नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ भी दिलाई गई।



बच्चों को सामग्री का वितरण करते पार्षद नरेंद्र देवांगन।

---

## विधायक ने 91 लाख के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम पंचायत बोईदा में पीडीएस भवन एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। जिसकी कुल लागत राशि 91.61 लाख रुपये की लागत से जिला खनिज न्यास मद से निर्माण होना है। जिसमें पीडीएस भवन निर्माण लागत 12.40 लाख रुपए एवं चार आंगनबाड़ी भवन निर्माण लागत 70.14 लाख रुपए, वहीं ग्राम पंचायत बोईदा में प्राथमिक शाला में प्रार्थना शेड निर्माण 5 लाख रुपए एवं बोईदा नायकपारा में मुक्तिधाम निर्माण लागत 4.7 लाख रुपए से होना है। विधायक श्री पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य भाजपा की विष्णु देव साय की सरकार ने कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में विकास की कोई कमी न हो। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बोईदा में बेहद जरूरी निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया है, जिससे निश्चित ही आने वाले समय में क्षेत्र में हो रही समस्या से भी निजात मिलेगा साथ ही आप सभी के सहयोग से क्षेत्र में विकास संभव है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा जगत, पूर्व युवा आयोग के सदस्य रघुराज सिंह उईके, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता शोभा सिंह जगत, हरदीबाजार मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, कौशल श्रीवास सरपंच संजय राज, लम्बोदर कंवर, गौरी बाई, बलदेव, शत्रुहन सिंह करपे, मन्नु साई राठौर सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



विकास कार्यों का भूमिपूजन करते विधायक।

---

## सते सुदर्शन डोमार समाज ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

**कोरबा।** सते सुदर्शन डोमार समाज कल्याण समिति ने 24 अगस्त को रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर समाज सेवा और मानव कल्याण की भावना को समर्पित था। इस पुनीत कार्य में समाज के कुल 10 सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज का गौरव बढ़ाया। इनमें राजा हथठेल, तरुण जनवार, मुकुल बेला, सेजय बक्सेल, जितेन्द्र हथठेल, दीपक चौहान, वीरू बाल्मिकी, राजेन्द्र, उमेश महता ने रक्तदान किया। समिति की ओर से सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया गया। समिति ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक सोच, सहयोग की भावना और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलता है। समिति ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### केबल घोटाले...

के शर्तों के हिसाब से नहीं था। उसकी क्वालिटी भी खराब थी। जब मामला सामने आया तो मुख्यालय स्तर पर जांच के लिए टीम गठित की गई और टीम को जांच के लिए कोरबा आई थी जहां उनके द्वारा जांच की गई तो मामला सही पाया गया और ठेकेदार व अधिकारियों ने घटिया क्वालिटी का एबी केबल लगाया गया था। मामले का खुलासा होने के बाद अब विद्युत विभाग के वरिष्ठ अफसर मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और पूरे मामले की बारीकी से जांच के लिए बिलासपुर के कार्यपालन निदेशक ए के अम्बस्ट ने कोरबा का दौरा किया है और मामले की गंभीरता से जांच हो सके इसके लिए 5 अलग अलग टीम गठित की गई है जिनके द्वारा फील्ड में जाकर करोड़ों की लागत से लगाए गए केबल सहित अन्य सामानों के गुणवत्ता व मात्रा की जांच करेंगे और रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर बिलासपुर के कार्यपालन निदेशक ए के अम्बस्ट को सौंपेंगे।

### एसईसीएल के...

और सेवाएं मिलेंगी। उल्लेखनीय है कि कोयला मंत्रालय के निर्देश पर कोल इंडिया के कुल 25 अस्पताल अब राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण (एसएचए) के अधीन आ गए हैं। इन अस्पतालों में मरीजों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। कोयला मंत्रालय के अलावा श्रम और रोजगार मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, गृह मंत्रालय, खान मंत्रालय, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, रेल मंत्रालय, शिपिंग मंत्रालय के अस्पताल भी राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण को सौंपे गए हैं। छत्तीसगढ़ में कोल इंडिया के कई अस्पताल हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ रिजनल हॉस्पिटल, एसईसीएल चरचा, कोरिया रिजनल हॉस्पिटल, एसईसीएल कुरासिया शामिल हैं। इन अस्पतालों में अब मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### डाला चोरी करने..

निवासी आरोपी चन्दन कुमार यादव उम्र 24 वर्ष पिता सहबीर यादव को पकड़कर पुछताछ किया गया जिस पर आरोपी द्वारा 27-28 जुलाई की दरम्यानी रात्रि में टीपी नगर से अजय कुमार अग्रवाल के चोरी गए वाहन ट्रेलर क. सीजी 04 पीई 3294 के डाला को अपने ट्रेलर हार्स क. सीजी 12 ए एक्स 2433 में फंसाकर चोरी करना स्वीकार किया तथा उक्त डाला के रजिस्ट्रेशन नंबर एवं चेचिस नंबर को मिटाकर अपने वाहन सीजी 12 एएक्स 2433 का स्टीकर लगा देना एवं उपयोग करना बताते हुए अपने ट्रेलर हार्स क. सीजी 12 ए एक्स 2433 तथा चोरी करना स्वीकार किया गया। जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से डाला बॉडी को जप्त किया गया है।

### पत्नी के हत्यारे...

तत्कालीन बालको थाना प्रभारी विजय चेलक ने की थी और मामले को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी श्री संतोष कुमार आदित्य के न्यायालय में पेश किया था जहां मामले की सुनवाई के दौरान तत्कालीन थाना प्रभारी श्री चेलक ने माननीय न्यायालय के समक्ष पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत किए थे। आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे आजीवन कारावास व 5 हजार रुपए की अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पशु चिकित्सा विभाग में दवाई खरीदी घोटाला की जांच टीम गठित

**कोरबा।** वरिष्ठ आदिवासी नेता व पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर ने शराब घोटाला के तर्ज पर पशु औषधि घोटाला खरीदी में बड़ा भ्रष्टाचार उजागर करने के संबंध में पत्र लिखा है। शिकायत पत्र पर संचालक पशु चिकित्सा विभाग ने संज्ञान लेते हुए जांच टीम गठित कर दिया है। जांच टीम को एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देश जारी किया गया है। प्रदेश मे पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल से लेकर आज तक पशु चिकित्सा विभाग में राज्य व जिला स्तर पर पशुओं के उपचार में उपयोग में आने वाले पशु औषधि की खरीदी के लिए सभी जिला के उपसंचालकों पशु चिकित्सा विभाग के माध्यम से पशु औषधि वैक्सीन, फिट सप्लीमेंट्री इत्यादि की खरीदी भंडार क्रय नियम के विपरीत किया गया है जिसमें 10 प्रतिशत पशु औषधि की खरीदी होती है लेकिन फर्जी तरीके से 100 प्रतिशत दवाई खरीदी का फर्जी भुगतान संबंधित डीलर को सांठगांठ कर किया जाता है। दवाई की खरीदी डीलरों के द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से खरीदी किया जाता है कोई भी कार्यालय दवाई निर्माता कंपनी से दवा सप्लीमेंट्री खरीदी नहीं की जाती जिसमें अरबों रुपए का पशु औषधि खरीदी में घोटाला सामने आने की संभावना दिख रही है। श्री कंवर ने मांग किया है कि पशु औषधि संबंधित निर्माता कंपनी से निविदा के आधार पर खरीदी की जाए जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया जा सकता है और सत दवाई की खरीदी हो सके पशु औषधि के नाम से फर्जी बिल के आधार पर जिन दवाई डीलरों और संबंधित जिला व राज्य के अधिकारी कर्मचारी सहित समझ दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### प्रभारी प्रधानपाठक एवं भृत्य का स्थानांतरण व कार्रवाई हेतु लिखा पत्र

**कोरबा।** विधायक प्रतिनिधि व भाजपा जिला कार्य समिति कृष्णानंद राठौर ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि सागर टंडन प्रभारी प्रधानपाठक एवं उमाशंकर पाटले भृत्य के पद पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय छिन्दपुर में कार्यरत हैं इन दोनों के द्वारा अपने मर्जी से स्कूल का संचालन किया जा रहा है स्कूल में पढाई का स्तर भी निम्न है। बच्चे के द्वारा हमेशा से शिकायत किया जा रहा है बच्चे के शिकायत करने के बाद इन दोनों को समझाया गया है लेकिन किसी भी बात को नहीं माना गया। उमाशंकर पाटले के द्वारा मै गाँव से ही हू बोलकर बच्चों को धौंस दिखाया जाता है और अपने भृत्य के कार्य स्कूल के साफ सफाई को भी बच्चे के द्वारा करवाया जाता है। विद्यार्थियों को अपशब्द का प्रयोग कर,डरा धमकाकर रखा जाता है स्कूल में काम छोड़कर बैठे रहते हैं स्वतंत्रता दिवस पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय छिन्दपुर में ध्वजारोहण भी नहीं किया गया।

### म्यूल अकाउंट खुलवाकर दिया साइबर ठगों को, गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** साइबर ठगों को अपने नाम से सिम और बैंक खाता उपलब्ध कराने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कमीशन लेकर साइबर ठगों को खाता उपलब्ध कराया था जिसमें 2 लाख रुपए से अधिक के लेनदेन के सबूत मिले है। बता दें कि म्यूल अकाउंट को लेकर सरगुजा जिले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के तहत पुलिस ने पूर्व में भोले भाले लोगों को झांसे में लेकर बैंक खाता खुलवाने और धोखे से उनके नाम पर सिम कार्ड निकालने के मामले में कोतवाली पुलिस ने रवि कश्यप, अमलेश्वर कुमार वैष्णव व गौतम सिंह को बीएनएस की धारा 318(4), 3(5), 319 (2), 111(2) आईटी एक्ट 66 (ग) के तहत गिरफ्तार किया था। इसी प्रकरण की जांच के दौरान पुलिस ने दरिमा महादेव पलगड़ी निवासी विनय प्रजापति आ. भैयालाल प्रजापति को हिरासत में लेकर पूछताछ। इस दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी ने अपने नाम पर तीन अलग अलग सिम कार्ड निकाला था इसके साथ अपना बैंक खाता खुलवाया। आरोपी ने सिम कार्ड के साथ ही बैंक खाता, पासबुक, एटीएम कार्ड चेकबुक पूर्व में गिरफ्तार अमलेश्वर वैष्णव को दिया था। तीनों खाता के एवज में उसे 2 हजार रुपए के हिसाब से 6 हजार रुपए लेने की बात स्वीकार की।

## जगह-जगह होगी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना

# आज से सजेगा गजानन का दरबार जगह-जगह स्थापित होंगी प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गणेश चतुर्थी पर्व की शुरुआत बुधवार की दिन से होने जा रही है और इसी के साथ 9 दिन तक शहर के विभिन्न स्थानों में गजानंद का दरबार सजेगा। पर्व की भव्यता को लेकर सजावटों के समानों से शहर का बाजार सज गया है। शहर के विभिन्न स्थानों में बनाए गए पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना होगी। जिनकी तैयारियां बीते एक सप्ताह से छोटी बड़ी समितियों के द्वारा अनवरत रुप से की जा रही थी।


कटघोरा में तैयार हुआ गणेश पंडाल।

भादो माह की चतुर्थी तिथि से लेकर अनंत चौदश तक चलने वाला गणेश चतुर्थी का पर्व शहर के विभिन्न स्थानों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी बुधवार के दिन से शुरु हो जाएगा। मंगलवार को तीजा पर्व के बाद अगले दिन गणेश प्रतिमाओं के स्थापना का महत्व है। तीज के पर्व पर जहां शिव पार्वती का विवाह का पर्व है वहीं दूसरे दिन चतुर्दशी का पर्व भगवान गणेश प्रतिमाओं की स्थापना का रहता है। 9 दिन तक चलने वाले इस पर्व को लेकर कहीं कहीं बड़े व्यापक रुप में तो कहीं छोटे छोटे रुप में किया जाता है लेकिन सभी स्थानों में प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर छोटे बड़े पंडाल तैयार किए गए हैं। जिनकी सजावटें अपने अपने स्तर पर समितियों के द्वारा की गई है। कहीं साधारण सजावटे देखी गई है तो कहीं पंडालों को भव्य रुप से सजाया गया है। इन पंडालों में 9 दिनों तक गजानंद का दरबार सजेगा। दोनों पहर आरती के बाद धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। पंडालों को सजाने के लिए उपयोग में आने वाली आकर्षक सजावटी सामग्रियों से शहर का बाजार सज गया है। जिसकी भव्यता बाजार में बीते तीन दिन से देखने को मिल रही है। गणेश चतुर्थी के पर्व को लेकर शासन प्रशासन ने भी अपने स्तर पर सजगता बनायी हुई है। गणेश प्रतिमाओं को ले जाने का दौर भी समितियों के द्वारा मंगलवार से शुरु कर दिया गयाहै। बुधवार के दिन स्थापना का पर्व है, जो सुबह से ही शुरु हो जाएगा।

#### मंगलवार दोपहर से लग गई चतुर्दशी

पंचाग के तिथियों के अनुसार मंगलवार को दोपहर 1.28 बजे चतुर्थी की तिथि लग गई है जो बुधवार 3.46 बजे तक रहेगी। इस अवधी में गणेश प्रतिमा की स्थापना का महत्व है और मुहूर्त भी इसी अवधी को बताया गया है। हालांकि पंचागों के अनुसार ब्रम्हमूहुर्त में जो तिथि रहती है उस तिथि का प्रभाव दिनभर माना जाता है। ऐसे स्थिति में प्रतिमाओं की स्थापना कहीं कहीं दोपहर में तो कहीं शाम को की जाएगी।

#### बढ़ गए मूर्तियों के दाम

गणेश प्रतिमाओं की के दाम भी बीते वर्ष की तुलना में बढ़ गए हैं। मूर्तिकारों ने प्रतिमाओं को बनाने में आने वाले खर्च को देखते हुए उनके दाम में बढ़ोत्तरी की है। शहर और उप नगरीय क्षेत्रों में प्रतिमाओं की दुकाने सज गई है। जहां 5 सौ से लेकर 3 हजार रुपए तक की प्रतिमाएं बिक रही हैं। प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाओं के प्रतिबंध के बाद मिट्टी के प्रतिमाओं का ही उपयोग चल रहा है। प्रतिमाओं की ऊंचाई भी 4 फुट से अधिक नहीं बतायी गई है। प्रतिमाओं के साथ साथ बाजार में पूजा सामग्री और फलों के दामों में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

# नेत्रहीन नाबालिग से दुष्कर्म, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्र में रिश्तों शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है जिसमें दो ममेरे भाइयों ने नाबालिग नेत्रहीन बालिका को अपनी हवस का शिकार बनाया। आरोपी दिव्यांग नाबालिग के साथ विगत कई महीनों से दरिंदगी कर रहे थे। अब नाबालिग के गर्भवती होने के बाद इस मामले का खुलासा हुआ है जिसके बाद परिजन के होश उड़ गए। परिजन ने मामले की शिकायत पुलिस से की है जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है। वहीं आरोपी युवक फरार बताए जा रहे है।

■ गर्भवती होने पर खुला मामला, अपराध दर्ज

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत एक नाबालिग नेत्रहीन बालिका अपने मामा के घर रहने के लिए आई हुई थी। इस दौरान लगभग आठ माह पूर्व घर में मौजूद ममेरे भाई ने नाबालिग के नेत्रहीन होने का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। अपचारी बालक ने दिव्यांग बालिका के घर में अकेले पर उसके साथ इस अमानवीय कृत्य किया। इसके बाद उसके चचेरे मामा के बालिग पुत्र ने भी बालिका के साथ अनाचार किया। इस दौरान दोनों लगातार साठ-आठ महीने तक बारी बारी दुष्कर्म करते रहे जिससे नेत्रहीन बालिका गर्भवती हो गई। पेट में दर्द होने पर तबीयत खराब होने की जानकारी उसने अपने माता-पिता को दी जिसके बाद परिजन उसे अपने साथ घर ले गए। परिजन ने बीमारी को गंभीरता से नहीं लिया और टोना टोटका मानते हुए झाडफूंक कराया। कुछ समय के बाद पुनः वे नाबालिग को मामा के घर छोड़ गए। नाबालिग के घर आने पर फिर से ममेरे भाइयों ने अपनी हवस का शिकार बनाया जिससे बच्ची की तबीयत फिर से बिगड़ गई। बच्ची के पेट में उभार आने पर परिजन को उसके गर्भवती होने का अंदाजा हुआ। इस दौरान जब परिजन ने बच्ची से बातचीत की तो उसने आवाज के आधार पर ममेरे भाइयों द्वारा दुष्कर्म किए जाने की जानकारी दी जिसके बाद परिजन के होश उड़ गए। परिजन ने अब मामले में पुलिस को घटना की शिकायत की है।

#### चल रही है तलाश

घटना में एक बालिग और एक अपचारी बालक शामिल है। इस मामले में अपराध दर्ज किया गया है और घटना की जांच के साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी

# यूरिया की जमकर चल रही काला बाजारी, दो पिकअप यूरिया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

एक तरफ किसान यूरिया खाद की किल्लत से जूझ रहे है और उनकी फसलों पर खतरा मंडरा रहा है तो वहीं दूसरी ओर तस्कर बेखौफ होकर उर्वरक की तस्करी करने के साथ मनमाने दरों पर इसकी बिक्री कर रहे है। इस बात का खुलासा प्रशासन और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम की कार्रवाई से हुआ है। जिले में खाद के अवैध भंडारण, काला बाजारी व निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर खाद की बिक्री जोर शोर से चल रही है। ऐसे में किसानों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूरिया नहीं मिलने से किसानों कि फसल पर खतरा मंडराने लगा है। इस बीच अवैध रूप से खाद बिक्री,काला बाजारी पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम रामानुजगंज आनंद नेताम, खाद्य विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रामचंद्रपुर क्षेत्र में अवैध रूप से यूरिया का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के बाद संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर टिकीदीरी में 2 पिकअप को पकड़कर उसकी जांच की। जांच के दौरान पिकअप वाहन में 50-50 बोरी यूरिया मिला। चालक यूरिया का परिवहन बिना किसी वैध दस्तावेज के कर रहा था और इसकी कालाबाजारी की जा रही रही थी। संयुक्त टीम ने 100 बोरी यूरिया और दो पिकअप वाहनों को जब्त कर रामचंद्रपुर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। इसके साथ ही टीम ने रामचंद्रपुर के नारायण कृषि सेवा केंद्र के निरीक्षण के दौरान निर्धारित उर्वरक मूल्य सूची चस्पा नही होने के कारण कृषि सेवा केंद्र के संचालक को नोटिस जारी किया गया है। बलरामपुर विकासखंड अंतर्गत कृषि विभाग की टीम द्वारा संचालित निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों में औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें पास मशीन में संधारित उर्वरक मात्रा एवं भौतिक रूप से भंडारित उर्वरक की मात्रा का मिलान किया गया। जिसमें अंतर पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। साथ ही दुकानों में संधारित स्टॉक पंजी, मूल्य सूची प्रदर्शन, कृषकों को दिए जाने वाले बिल का निरीक्षण किया गया। एवं उर्वरक विक्रय केंद्र के संचालक को निर्धारित दर में ही उर्वरक कृषकों को विक्रय करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही समझाइश दी गई कि किसी भी प्रकार की अनियमितता व अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय की शिकायत प्राप्त होने पर जांच कर लाइसेंस निलंबन या निरस्त तथा एफआईआर की कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार वाड्रफनगर में निजी दुकानों अजय ट्रेडर्स, पटेल फर्टिलाइजर सहित अन्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अजय ट्रेडर्स में पास मशीन एवं भौतिक रूप में अनियमितता पाई गई। इस पर कार्रवाई करते हुए विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया।



# दस्तावेज जांच पर अटका आदिवासी विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मियों का नियमितीकरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते 15 वर्षों से आदिवासी विकास विभाग और आश्रम छात्रावास में काम करने वाले दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितिकरण दस्तावेज जांच पर आज तक अटका हुआ है। इसके अलावा आश्रम छात्रावास में काम करने वाले कलेक्टर दर दैनिक मजदूर को प्रतिमाह 4 हजार रुपए की दर से मिलने वाली श्रम सम्मान निधि की राशि भी 18 माह से नहीं मिली है।

#### खास बात

■ विभाग में कार्यरत हैं 64 दैनिक वेतनभोगी

इस पूरे मामले के अनुसार आदिवासी विभाग के अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में तथा आश्रम छात्रावास में दो तरह के कर्मचारी काम कर रहे हैं। एक दैनिक वेतनभोगी दूसरा कलेक्टर दर दैनिक मजदूर इनमें दैनिक वेतनभोगी को शासन के द्वारा स्वीकृत नियमित पद के विरुद्ध रखा जाता है। वहीं कलेक्टर दर दैनिक मजूदर पर किसी को भी विभाग के द्वारा मौखिक आदेश पर अस्थायी रुप से कार्य करने के लिए रख दिया जाता है। जिले के आदिवासी विकास विभाग में इसी तरह के कर्मचारी कार्यरत हैं जिनमें आश्रम छात्रावास में कलेक्टर दर दैनिक मजदूर कार्य कर रहे हैं जिन्हें काम करते हुए सात साल बीत चुका है। वहीं दैनिक वेतनभोगी के 64 कर्मचारी बीते 15 साल से काम कर रहे हैं। जिनके नियमितिकरण को लेकर पिछले एक साल से कार्यवाही चल रही है। शासन से एक पत्र आया था उस पत्र के आधार पर उनके दस्तावेज की जांच कर इनके नियमितिकरण की कार्यवाही आगे बढ़ाई जानी थी जो अभी दस्तावेज जांच के कारण अटकी हुई है। नियमितिकरण के बाद इन्हें नियमित कर्मचारियों की भांति भुगतान होता। प्रदेश के सभी जिलों के आदिवासी विकास विभाग में काम करने वाले दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को नियमितिकरण हो चुका है।

#### 364 पद भरने के लिए आया था आदेश

जिले में दैनिक वेतनभोगी के 364 पद पर भर्ती करने के लिए वर्ष 2013-14 में आदेश आया था। उक्त आदेश के तहत प्रदेश के अन्य जिलों से भी आवेदन कोरबा जिले में आये थे किंतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने दैनिक वेतनभोगी के पद पर स्थानीय लोगों को ही नियुक्त किये जाने की आवाज बुलंद की थी। उक्त आदेश के तहत अभी भी भर्ती प्रक्रिया अटकी है। 64 दैनिकवेतनभोगी कर्मी काम कर रहे हैं इसी आदेश के तहत उनका नियमितिकरण होना था।

#### आश्रम छात्रावासों में पदस्थ है दैनिक मजदूर

आदिवासी विकास विभाग के आश्रम छात्रावास में दैनिक वेतनभोगी पद के विरुद्ध कलेक्टर दर दैनिक मजदूर रखे गए हैं। जिनके दम पर 184 आश्रम छात्रावासों की व्यवस्था चल रही है। कांग्रेस सरकार के समय कलेक्टर दर पर रखे गए आश्रम छात्रावास के दैनिक मजदूरों को मानदेय के अतिरिक्त 4 हजार रुपए श्रम सम्मान निधि दिये जाने की घोषणा हुई थी इसके तहत महज एक बार ही 4 हजार रुपए श्रम सम्मान निधि की राशि इन दैनिक मजदूरों को मिली है। उसके बाद से 18 माह हो गये, इन दैनिक मजदूरों को श्रम सम्मान निधि की राशि नहीं मिली है।

### कीटनाशक पीने से किशोरी की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुई किशोरी की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। बताया जा रहा है की किशोरी किसी लड़के से प्रेम करती थी और विवाद होने पर कीटनाशक पी ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर पुलिस चौकी क्षेत्र जरहाडीह निवासी 15 वर्षीया किशोरी 15 अगस्त की रात घर में रखे कीटनाशक को पी ली और कुछ समय बाद देर रात 2 बजे कीटनाशक पीने की बात मां को बताई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन किशोरी को रघुनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने किशोरी की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन किशोरी को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर परिजन ने जब किशोरी की सहेली से फोन कर पूछताछ की तो उसकी सहेली ने एक युवक से प्रेम संबंध होने तथा दोनों के बीच विवाद होने की बात बताई। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### आरोपियों से 75 लीटर शराब जब्त

**कोरबा।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले में विशेष मुहीम चलाई जा रही है। इस कड़ी में जिला पुलिस की टीम ने अलग अलग क्षेत्रों में छापेमारी की कार्यवाही कर बड़े पैमाने पर शराब जप्त करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इस कड़ी में पाली पुलिस ने तेरा झरिया थाना पाली निवासी पंचराम उम्र 62 वर्ष पिता स्व. मुकुंदराम यादव के कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, मोतीसागर पारा निवासी अमर सिंह उम्र 45 वर्ष पिता नान्ही बूटी के कब्जे से 13 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, ग्राम जरवे थाना उरगा निवासी सुनील कुमार उम्र 34 वर्ष पिता होरीलाल कुमार के कब्जे से 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, कदमहाखार उरांव बस्ती मानिकपुर निवासी सी. कलको के कब्जे से 13 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, लेपरा बसाहट बांगो निवासी प्यारेलाल धनवार उम्र 36 वर्ष पिता स्व. समयलाल के कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, सिंदरी पाली थाना निवासी मनु यादव उम्र 40 वर्ष पिता स्व. सुंदर यादव के कब्जे से 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कुल 75 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त की है तथा सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर की गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## भागवत कथा के तीसरे दिन मानवीय गुणों का बखान

# तन की शुद्धि स्नान से, मन की शुद्धि ध्यान से : पं. मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पितृमोक्षार्थ गया श्राद्धांतर्गत मातनहेलिया परिवार द्वारा जश्न रिसोर्ट में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित विजय शंकर मेहता ने भगवान और भक्त के बीच जड़भरत का प्रहसन सुनाते हुए कहा कि यदि आपको भगवान से भक्ति करनी है तो वात्सल्य के साथ करिए। उन्होंने वात्सल्य को प्रेम से भी बड़ा बताते हुए कहा कि भगवत गीता में भगवान वात्सल्य शब्द आता है। भगवान भक्तों से वात्सल्य रखते हैं, ठीक उसी तरह जिस तरह मां अपने बच्चों से प्रेम नहीं बल्कि वात्सल्य रखते हैं। मां और बच्चों के बीच जो प्रेम होता है, उसे वात्सल्य कहते हैं।


प्रवचन देते पंडित विजय मेहता।


कथा सुनते श्रोतागण।

पंडित श्री मेहता ने कहा कि जिस तरह से तन की शुद्धि स्नान से, मन की शुद्धि ध्यान से होती है, उसी तरह धन की शुद्धि दान से होती है। उन्होंने कहा कि अपनी आय का 10 प्रतिशत लाभांश दान में दें और रोज कुछ न कुछ अच्छा करिए। मैं यह नहीं कहता कि दान सिर्फ ब्राह्मणों को दें। गरीब कन्याओं, दिव्यांग कन्याओं के विवाह, गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए, अस्पताल, स्कूल निर्माण के दान में दें। अच्छा कर्म करने से व्यक्तित्व में निखार आता है। जड़भरत की कथा सुनाते हुए पंडित विजय शंकर मेहता ने कहा कि जड़भरत भारत के वे महान व्यक्ति हैं, जिन्होंने अपनी पूरी फसल गायों को चरा दी थी और स्वयं मंदिर के पास बैठकर परिवार का पालन किया। उन्होंने कहा कि अपने मन के भोलेपन को दूसरों की भलाई में लगाईये। जो महान व्यक्ति पर अपराध करता है, उलट स्वयं के ऊपर आता है। मैं तो कहता हूं कि बुरे आदमी पर भी आप बुरा मत सोचिए। पंडित विजय शंकर मेहता ने कहा कि आप दूसरों के लिए अच्छा करते हैं, अच्छी बात है, लेकिन दूसरों से उम्मीद मत रखिए। उम्मीद परेशान करता है। उन्होंने जीवन में खुश रहने के उपाय भी बताए, कहा-ईश्वर के प्रति भरोसा मजबूत रखें, दूसरों के लिए मददगार बनें, शांत रहना सीखें, अहंकार रहित बनें, अपेक्षा रहित बने। जब ये सब गुण आ जाएंगे, तो यकीन मानिए, आपका परिवार भी खुशहाल बनेगा और परिवार बचा रहेगा। कथा के तीसरे दिन मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता कथा श्रवण करने जश्न रिसोर्ट पहुंचे और कथावाचक की दिव्य वाणी से निकली भगवत कथा का श्रवण किया। मंत्री श्री देवांगन एवं महापौर श्रीमती राजपूत ने कथा समाप्ति के बाद पंडित विजय शंकर मेहता से आशीर्वाद लिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर,
18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411